जातीय समानता को बढ़ावा देने के लिए
मौजूदा और सुनियोजित उपाय

सिविल सर्विस ब्यूरो

सिविल सर्विस ब्यूरो (CSB) सिविल सर्विस के प्रबंधन के लिए समग्र नीतिगत जिम्मेदारी लेता है, जिसमें नियुक्ति, वेतन और सेवा की शर्तें, कर्मचारी प्रबंधन, श्रमशक्ति योजना, प्रशिक्षण और अनुशासन जैसे मामले शामिल हैं।

सिविल सर्विस की नियुक्ति स्वतंत्र और निष्पक्ष प्रतियोगिता के सिद्धांत पर आधारित होती है। स्वतंत्र भर्ती प्रणाली में सभी उम्मीदवारों का आकलन उनकी सामर्थ्य प्रदर्शन और चरित्र के आधार पर किया जाता है और संबंधित प्रवेश आवश्यकताएं (भाषा दक्षता सहित) संबंधित श्रेणी की नौकरी की आवश्यकताओं के अनुसार निर्धारित किया जाते हैं। चयन प्रक्रिया में जाति एक प्रासंगिक अवधारणा नहीं है।

मौजूदा उपाय

- गैर-जातीय चीनी (NEC) के लिए नौकरी के अवसरों तक एक समान पहुँच प्रदान करने के लिए, सरकार समय-समय पर सिविल सर्विस ग्रेड की भाषा दक्षता प्रवेश आवश्यकताओं की समीक्षा करेगी ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे सार्वजनिक सेवा की गुणवत्ता बनाए रखते हुए नौकरियों की आवश्यकताओं के अनुरूप हों। ताकि विभिन्न पृष्ठभूमि की प्रतिभाओं को सरकार में शामिल होने की अनुमति मिल सके। वर्तमान में सिविल सर्विस के 50 से अधिक ग्रेडों ने अपनी चीनी भाषा दक्षता प्रवेश आवश्यकता (LPR) को नियमित कर दिया है।

- हम गृह मंत्रालय विभाग (HAD) के जातीय अल्पसंख्यकों हेतु सहायता सेवा केंद्रों, संपूर्ण प्रदेश में स्थित श्रम विभाग (LD) के रोजगार केंद्रों, श्रम विभाग (LD) दवारा जातीय विविधता रोजगार कार्यक्रम के अंतर्गत मान्यताप्राप्त गैर-सरकारी संगठनों के माध्यम से और Youth.gov.hk बेवपेज पर अपेक्षाकृत निम्न चीनी भाषा दक्षता पात्रताओं (LPRs) के साथ सिविल सेवाओं की रिक्तियों के विषय में जानकारी का नियमित रूप से प्रसार करते रहते हैं।

- 2019 से, सिविल सेवा ब्यूरो (CSB) ने गैर जातीय चीनी युवाओं को कार्य अनुभव प्राप्त करने में सक्षम करने तथा रोजगार प्राप्त करने में उनकी प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाने के लिए गैर जातीय चीनी छात्रों हेतु प्रशिक्षुता (इंटर्नशिप) कार्यक्रम का आयोजन किया है। ये गैर जातीय चीनी प्रशिक्षु (इंटर्न) लगभग आठ सप्ताहों की प्रशिक्षुता (इंटर्नशिप) के लिए विभिन्न B/Ds में पोस्ट किए जाएंगे।

- CSB के तहत सिविल सेवा कॉलेज ने समान अवसर आयोग के साथ मिलकर ई-लर्निंग संसाधन विकसित किए हैं। संसाधन नस्लीय विविधता और समावेशन तथा सिविल सेवकों की सांस्कृतिक संवेदनशीलता को बढ़ाने के लिए समान अवसरों पर विषयों को कवर करते हैं।

- संदर्भ के लिए सार्वजनिक प्राधिकरण द्वारा CSB की आधिकारिक भाषा विभाग ऐसे अनुवाद फर्म और फ्रीलांस अनुवादकों की एक सूची तैयार रखेगी जो मुख्य रूप से चीनी और अंग्रेजी भाषा के बीच दस्तावेजों के अनुवाद की सेवा प्रदान करते हैं। सार्वजनिक प्राधिकरण अन्य भाषाओं में अनुवाद या इंटरप्रेटेशन सेवाओं को चालू करने से पहले अनुवाद फर्म या फ्रीलांस अनुवादकों के साथ सेवाओं के कार्य क्षेत्रों का पता लगा सकते हैं।

भावी कार्य का आकलन	•	CSB मौजूदा उपायों को लागू करना जारी रखेगा तथा आवश्यकतानुसार सुधार करने पर विचार करेगा।
किए गए/किए जाने वाले अतिरिक्त उपाय	•	सिविल सेवा नौकरी के आवेदकों को भाषा दक्षता के संबंध में नियुक्ति की आवश्यकता को पूरा करने के लिए एक अतिरिक्त तरीका प्रदान करने के लिए, विभाग जहां उपयुक्त हो, व्यक्तिगत ग्रेड की आवश्यकताओं के अनुसार अपनी स्वयं की नौकरी-उन्मुख भाषा परीक्षाएं डिजाइन कर सकते हैं। सरकार भर्ती कार्य में तेजी लाएगी ताकि विभिन्न पृष्ठभूमियों (NEC सहित) की प्रतिभाओं को सरकारी भर्ती संबंधी जानकारी अधिक प्रत्यक्ष और कुशल तरीके से मिल सके।

जातीय समानता को प्रोत्साहित करने के लिए वर्तमान और सुनियोजित उपायों के बारे में पूछताछ के लिए, कृपया सुश्री कार्मेन सिउ, मुख्य कार्यकारी अधिकारी (प्रशासनिक) से निम्नलिखित चैनलों के माध्यम से संपर्क करें-

टेलीफोन नं.	:	2810 3090
फैक्स नं.	:	2868 5069
ईमेल	:	csbts@csb.gov.hk
डाक पता	:	Civil Service Bureau Management Division, 9/F, West Wing, Central Government Offices, 2 Tim Mei Avenue, Tamar, Hong Kong

सिविल सर्विस ब्यूरो
मई 2024